# QUEST

(The Quarterly E-News letter of SABVGACC)

## Shri Atal Bihari Vajpayee Govt. Arts and Commerce College, Indore's News Letter

## Cogent Expressions from the Principal

Dear Students



Welcome to the portals of this esteemed haven. As you awake to a new dawn of a fresh beginning in your life, you are faced with a lot of challenges in your path. Let this not deter you to strive for success, achieve your goals and be a path breaker. The road to your dreams is not a bed of roses but you have to face impediments along the way.

Learn to turn the tide in your favour and steer yourself to the limitless opportunities awaiting you at the horizon. The new academic session outstretches its arms for you. Be consistent in your pursuit of your dreams and never give up. You will be scripting your own success story in a few years.

Wish you the best in all your future endeavours.

**Dr. Anoop Vyas**
**Principal**

# IQAC Epistle

Dear Students

The main objective of IQAC has always been to ensure a better learning environment for the students. We have always striven to provide the right platform for the students to grow personally and professionally.

In furtherance of this, we have come with UpSkills Training Programme to make students industry and corporate ready. Communicative English Training is already underway to equip students with good communication skills. Personality Development programme has commenced to groom the student's personality. Course like CAT (Certificate In Accounting Technicians) is helping the students to be skilled at Accounting, Taxation especially in Income Tax, Filing of IT & GST Returns. This will enable them to have lucrative jobs with immediate effect.

The Students of UG first year and UG Second year will be under NEP 2020 while the students of UG Final Year and PG First and Third Sem will remain under old system.

We believe that these career oriented courses will bring in fresh opportunities for them to explore and evolve into industry smart individuals.

**Dr. Aaditya Lunavat**
**Dr. Usha Jain**
**Dr. Namita Katju**
**IQAC Cell**

# Academic Events

- Pre-Ph.D. Presentation (Online) examination of Mr. Subhash Chandra Verma, Ph.D. Scholar (Political Science), under the supervision of Professor Mamta Chandrashekhar, HOD, Department of Political Science, SABV GACC, Indore at BRAUSS, Dr. Ambedkar Nagar (Mhow) was conducted online (Google Meet) on 30.06.2022 by Dr. B.R. Ambedkar University of Social Sciences, Dr. Ambedkar Nagar (Mhow)

- दिनांक 16 जुलाई 2022 को श्री अटल बिहारी वाजपेई शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय इंदौर में नक्षत्र वाटिका की प्रासंगिकता विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया । मुख्य वक्ता के रूप में ज्योतिष, वास्तु एवं नक्षत्र वाटिका विशेषज्ञ श्री रितेश शुक्ला ने दिया । इसके पहले अतिथियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार पूर्वक दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

मुख्य अतिथि एवं वन मंडल अधिकारी नरेंद्र पंडवा जी ने अपने उदबोधन में कहा कि वन विभाग पूरे वर्ष वृक्षारोपण करता है और पर्यावरण को संरक्षित करने में अपना योगदान देता है इसी कड़ी में महाविद्यालय के नक्षत्र वाटिका में भी वन विभाग ने वृक्षारोपण किया है।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉक्टर अनूप व्यास ने कहा की महाविद्यालय का प्रयास है की महाविद्यालय परिसर चारों ओर से भारतीय प्रजाति के वृक्षों से आच्छादित हो।

- दिनांक 08-09-2022 को माता जिजाबाई शासकीय महाविद्यालय इंदोर मे श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के 13 दिव्यांग विद्यार्थीओ को हेल्प द ब्लाइंड फाउंडेशन संस्था चेन्नई के और से लॅपटॉप वितरित किये गये l इन दिव्यांग विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर एवं प्रशिक्षण की जानकारी दि गयी l इस कार्यक्रम मे माता जिजाबाई शासकीय महाविद्यालय की सन्माननीय प्राचार्य डॉ. श्री दिवेदी मॅडम , दिव्य सारथी



संस्था के प्रमुख हे मुख्य अतिथी सुभाष पालीवाल जी , हेल्प द ब्लाइंड फाउंडेशन के ट्रस्टी डी .के. शर्मा , समन्वयक बेला सचदेवा , स्वयंसेवक गुलशन जोशी, आर एल माहेश्वरी , दृष्टी क्लब प्रभारी डॉ. योगेश शेळके उपस्थित थे l


# नक्षत्र वाटिका

महाविद्यालय में दिनांक 16 जुलाई को कॉलेज परिसर में वैदिक विधि से स्वस्तिवाचन एवं पूजन पूर्वक नक्षत्र वाटिका से संबंधित पौधों का रोपण किया गया । भारतीय प्रजाति के नक्षत्र संबंधी समस्त पौधों को 10,000 वर्ग फिट भूमि पर रोपित किया गया इसके अतिरिक्त सौंदर्य वर्धक पौधे भी लगाए गए । इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी श्री नरेंद्र पाहवा जी , श्री योगेश यादव जी , भूपेंद्र जारवाल जी विशिष्ट अतिथि के रूप में नक्षत्र वाटिका विशेषज्ञ श्री रितेश शुक्ला जी भोपाल , श्री राकेश चतुर्वेदी जी उपस्थित थे साथी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनूप व्यास, संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉक्टर संगीता मेहता संस्कृत विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ सुरेश चतुर्वेदी एवं महाविद्यालय के अनेक वरिष्ठ अध्यापक एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे साथ ही बड़ी मात्रा में संस्कृत



के विद्यार्थी सम्मिलित हुए और उन्होंने नक्षत्र वाटिका पौधारोपण में अपना सक्रिय योगदान दिया।

प्राचार्य डॉ अनूप व्यास जी ने पौधों को जीवित बनाए रखने हेतु निर्देश दिया। उन्होंने कहा नक्षत्र बनाने का संकल्प मैंने 1 वर्ष पूर्व लिया था वाटिका का रोपण मेरा अत्यंत प्रिय कार्य है, मेरे हृदय से जुड़ा हुआ है इस कार्य को संस्कृत विभाग ने अपने हाथ में लिया और डॉक्टर संगीता मेहता के नेतृत्व में आज नक्षत्र वाटिका मूर्त रूप ले रही है इसके लिए मैं संस्कृत विभाग एवं डॉक्टर संगीता मेहता डॉ सुरेश चतुर्वेदी को साधुवाद देता हूं साथ ही वन मंडल अधिकारी जिन के सहयोग से नक्षत्र वाटिका से संबंधित पौधे प्राप्त हुए उनको भी धन्यवाद  देता हूं। डॉक्टर संगीता मेहता ने नक्षत्र वाटिका से संबंधित उपस्थित लोगों की जिज्ञासा शांत की। एवं सभी समुपस्थित महानुभावों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।



# N.C.C. Activities

- श्री अटल बिहारी वाजपेई शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय इंदौर में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान के तहत आदरणीय प्राचार्य डॉ अनूप व्यास जी ने 9 एमपी बटालियन एनसीसी कैडेट्स विद्यार्थियों और स्टाफ को 13 से 15 अगस्त तक अपने घर पर हमारे देश के राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को सम्मान के साथ फहराने के लिए




प्रेरित व जागरूक करने की शपथ दिलाई

इस अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के प्रभारी डॉ महेंद्र मिश्रा ने आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत तिरंगे के महत्व को बताया की हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्र के शहीदों के प्रति हर भारतवासी की सच्ची श्रद्धांजलि है

इस कार्यक्रम में प्रोफेसर डॉ आदित्य लुणावत , डॉ कुंभन खंडेलवाल, 9 एम पी बटालियन के एनसीसी ऑफिसर डॉ भगवत राय, डॉ सुषमा व्यास, डॉ आरती व्यास , डॉ संगीता मेहता , डॉ पूर्णिमा शर्मा महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।




(कार्याक्रम की झलकिया)



- दिनांक 13 अगस्त 2022 को भारत सरकार के घर-घर तिरंगा अभियान के लिए जागरूकता रैली भवर कुआं से नौलखा तक निकाली गई जिसमें 9 एमपी एनसीसी बटालियन के केडिट ने भागीदारी की।






- 15 अगस्त 2022 को महाविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत झंडावंदन कार्यक्रम में 90 बटालियन एनसीसी के कैडेटों ने परेड में भाग लिया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी इसी अवसर पर 9 एम पी बटालियन के कैडेट दिव्यांशु पाटीदार को गणतंत्र दिवस शिविर में भाग लेने पर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।




(कार्याक्रम की झलकिया)



- दिनांक 15 सितंबर से 22 सितंबर 2022 तक 9 एमपी बटालियन एनसीसी द्वारा सी .ए.टी.सी वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 3 का आयोजन आईपीएस अकैडमी इंदौर मैं आयोजित किया गया जिसमें महाविद्यालय के 32 एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया एवं एवं डॉ भगत सिंह राय भी इस शिविर में उपस्थित रहे ।

**(Camp Activities)**





- एमपी बटालियन एनसीसी इंदौर के पत्र क्रमांक 9 एमपी अभिलेख 109 टी आरजी दिनांक 19 सितंबर 2022 के तहत दिनांक 30 सितंबर 2022 को पुनीत सागर अभियान के तहत महाविद्यालय में पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई की गई ।



# Donation - A Noble Gesture



Dr. Shraddha Malviya, Professor, Sociology Department donated 15 copies of the Holy book, Shri Bhagwat Geeta composed by her to the library. This aims at explaining its main essence in an easy language and will be hugely beneficial to the students of MA Ist Sem Yoga students. The college hailed her praiseworthy work.

# Induction Program - A Warm Welcome

- Induction Program was organized which focused on NEP-2020. The students were made aware of various features of NEP-2020, such as, multiple entry and exit, options of Generic Elective and Domain specific elective (a type of CBC), vocational subjects, etc.











# Teacher's Day - An Ode to Nation Builders

The Yoga Department of College organized a function to honour Teachers on September 5. It was presided by the Principal, Dr. Anoop Kumar Vyas, Professor Rajeev Sharma, HoD Journalism Department, and Professor Rajesh Verma, Commerce Department. Professors Satyaprakash Pandey, Jitendra Khilavadia, Ashutosh Soni, Rita Sharma and Jagriti Choubey were felicitated and honored with turbans, Pearl Necklace and Shrifal.




The Principal congratulated all the students on their success and the yogis who had excelled in their examination and other yoga and cultural activities.

Professor Rajiv Sharma apprised the students about the importance of Teacher disciple tradition, invoking the blessings of the teacher and reverence for the mentors. Professor Satyaprakash Pandey stressed on the role of teachers in a student's life.

# Sports

- 29.08.2022 को मेजर ध्यानचंद जी के जन्म दिवस (खेल दिवस) के रूप में योग विभाग के सभागार में मनाया गया। जिसमें छात्र / छात्राओं एवं स्टाफ के सदस्यों ने फिट इण्डिया मूवमेंट के तहत शारीरिक दक्षता का परीक्षण किया गया और फिजिकली फिट विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

- 05.09.2022 को इन्दौर जिले के समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं क्रीड़ा आधिकारियों की बैठक का आयोजन कलाम कक्ष में दोपहर 02:00 बजे से किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉ अनूप व्यास जी ने की। विशेष अतिथि के रूप में निदेशक शारीरीक शिक्षा दे.अ.वि.वि इन्दौर डॉ. सुनील दुधाले उपस्थित रहे। सत्र 2022 – 23 की जिलास्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का आवंटन किया गया।



- 17.09.2022 को दोपहर 12:00 बजे कलाम कक्ष में अकादमीक गतिविधियों के तहत क्रीड़ा विभाग द्वारा ''खेलकूद और स्वास्थ्य'' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय के खिलाड़ी छात्रों एवं शरीरिक शिक्षा के लगभग 200 छात्रों ने भाग लिया। महाविद्यालय की प्राध्यापक डॉ श्रृद्धा मालवीय द्वारा श्री मनीष गौड़ (प्रमुख वक्ता) का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। मनीष गौड़ ने अपने भाषण में महत्वपूर्ण बाते कहीं धावक में दृढ़ इच्छा शक्ति, संतुलित आहार, नियमित दिनचर्या होना बहुत जरूरी है। नियमित दौड़ने से शरीर के सारे तंत्र अच्छी तरह से काम करते रहते है।



# Donation - A Noble Gesture



Dr. Shraddha Malviya, Professor, Sociology Department donated 15 copies of the Holy book, Shri Bhagwat Geeta composed by her to the library. This aims at explaining its main essence in an easy language and will be hugely beneficial to the students of MA Ist Sem Yoga students. The college hailed her praiseworthy work.

# Research Papers Published - Reaching Cerebral Heights

- Dr. Usha Jain, Prof & Head of Department English, SABVGACC, Ms. Rashmi Pastaria, Research Scholar, DAVV Indore have published a research paper, ***Palates on a Plate : The Symbolic Connotation of Food in Harry Potter and the Philosophers Stone*** *in SICA Journal (ISBN 978-93-5680-110-3.)*

- Dr. Usha Jain, Prof & Head of Department English, SABVGACC, Ms. Sunita Patidar, Research Scholar, DAVV Indore have published a research paper, ***J. M. Coetzee's Literary Opus : A Conscious call against Imperialistic Oppressions*** *in SICA Journal (ISBN 978-93-5680-110-3).*

# यूथ महापंचायत 2022

यूथ महापंचायत  2022 के अंतर्गत जिला स्तरीय यूथ पंचायत का आयोजन श्री अटल बिहारी वाजपेई शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय इंदौर के द्वारा 18 जुलाई 2022 को किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनूप कुमार व्यास जी के मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वयक डॉ प्रकाश गढ़वाल ,राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक डॉ. सचिन शर्मा मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे । निर्णायक मंडल




के सदस्य के रूप में डॉ.सुषमा शर्मा ,डॉ योगेंद्र नाथ शुक्ल, डॉ विजय यादव ,डॉ रीना चौहान , डॉ ए एस राव  उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में  विभिन्न महाविद्यालयों के 230 छात्र छात्राओं ने सहभागिता  की । महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया।

# Awards & Honors

- It is a matter of great honor for the academic fraternity of Indore that Dr. Rajesh Verma, Professor of our college, has been appointed on the post of Joint Secretary of UGC.

- महाविद्यालय परिवार के लिए यह अत्यंत हर्ष एवं गौरव का विषय है कि दिनांक 20 अगस्त 2022 को हमारी प्राध्यापक डॉ अलका जैन एवं उनके परिवार को महामहिम राज्यपाल द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय सेठ वरदीमल जैन की पुत्रवधू होने के नाते आचार्य चाणक्य सम्मान से सम्मानित किया गया।

# Media



## ये सिर्फ झांकियां नहीं, बल्कि वर्तमान को उकेरने वाला विज्ञान है

एक कम सौ वर्ष से इंदौर शहर अनंत चौदस की झांकियों को अपलक निहारता रहा है। इंदौर की झांकियां केवल झांकियां नहीं हैं, बल्कि वर्तमान को उकेरने वाला विज्ञान है। विज्ञान कहता है जिस दिन पेड़ इंसानों से गिनती में कम हो जाएंगे, मानव के सामने सांस लेने की समस्या खड़ी हो जाएगी। इस गंभीर मुद्दे का समझते हुए आईडीए की झांकी में पर्यावरण संरक्षण को सम्मिलित किया गया। राजकुमार मिल की झांकी दांडी यात्रा की प्रासंगिकता का प्राकट्य है। जय जवान जय किसान के नारे को अटलजी ने जय विज्ञान जोड़कर पूर्णता दी थी। कल्याण मिल की झांकी में इसी नारे को प्रमुखता से दर्शाया गया है। चिकित्सा विज्ञान कहता है कि मानव के सिर व हाथी के सिर में अनेक विज्ञान जन्यसाम्य है इसीलिए गणेशजी को शेर या ऊंट का मुंह न लगाते हुए हाथी का मुंह लगाया गया है।

प्रो. राजीव शर्मा
राष्ट्रीय कवि

**गणेशोत्सव दस दिन का विज्ञान सम्मत राष्ट्रीय त्योहार**

गणेशोत्सव दस दिन का विज्ञान सम्मत राष्ट्रीय त्योहार है। गणेश को ज्ञान व विज्ञान का देवता कहा जाता है। गणेशजी के शरीर की संपूर्ण संरचना विज्ञान है। बप्पा के कान बड़े हैं, मतलब सुनो अधिक। मुंह छोटा है मतलब बोलो कम। पेट बड़ा है मतलब हर तरह की बातों को पचाना सीखो। हाथ में लड्डू है, मतलब सबको अपने कर्मों से मीठा व्यवहार दो। सवारी चूहे की है, मतलब बड़े से बड़ा हो जाने पर भी छोटों को साथ रखो। गणेश गण के देवता हैं, इसलिए गणतंत्र के नेतृत्वकर्ताओं को गणेश की तरह बुद्धि चातर्य व संस्कारों को अपनाना चाहिए।

माय गाइडेंस :

# कॉलेज के विषय चुनने में रखें सावधानी, व्यक्तित्व विकास पर भी दें ध्यान

इंदौर | DBStar


कॉलेजों में एडमिशन की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। अब जो भी एडमिशन हो रहे हैं, वो नई शिक्षा नीति 2020 के तहत हो रहे हैं। इसकी यह विशेषता है कि बच्चों को अंतिम रूप से विषय चुनना है। बच्चे चाहे किसी भी विषय में एडमिशन लें, उनको एक मेजर और एक माइनर विषय चुनना है। इसमें अपने और दूसरे संकाय के एक-एक इलेक्टिव विषय चुनना हैं। इसलिए यहां पर सावधान रहने की जरूरत है। आप जो बनना चाहते हैं, जिस दिशा में करियर बनाना चाहते हैं उसी से संबंधित इलेक्टिव विषय लें और इसी तरह वोकेशनल पाठ्यक्रम भी लेना है। यह इसलिए किया है, ताकि बच्चा फर्स्ट ईयर में ही करियर के प्रति गंभीर हो जाए क्योंकि केवल परीक्षा पास करने से अच्छी नौकरी नहीं मिलती है। इसके लिए नौकरी या उद्यमिता से संबंधित व्यावसायिक पाठ्यक्रम का चयन कर सकते हैं। यदि कोई बीए, बीकॉम का छात्र है और वो आगे जाकर फाइनेंस में करियर बनाना चाहता है तो उसके लिए कई वोकेशनल कोर्स हैं। जैसे, ई-काउंटिंग एंड जीएसटी विद टैक्सेशन, बैंकिंग एंड इंश्योरेंस आदि। इस तरह से व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का चुनाव करना चाहिए, ताकि तीन साल में इतना सीख जाए कि आगे परेशानी नहीं हो।



प्रो. आदित्य लुणावत, प्राध्यापक वाणिज्य संकाय

**▪ भारत पोर्टल पर तीन हजार से ज्यादा कोर्स...** डिग्री के साथ व्यक्तित्व विकास भी जरूरी है। आजकल बहुत से ऑनलाइन प्लेटफॉर्म हैं, जो निशुल्क और प्रभावी हैं। केंद्र सरकार का स्वयं नामक भारत पोर्टल है। इस पर तीन हजार से ज्यादा कोर्स उपलब्ध हैं। किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में जाना है तो दो तरह से तैयारी करनी चाहिए। एक तो परीक्षा पास कर सकें और दूसरा इंटरव्यू में सफल

# GACC celebrates Teacher's Day



**OUR STAFF REPORTER**
city.indore@fpj.co.in

The Yoga department of Atal Bihari Vajpayee Government Arts and Commerce College, Indore, commonly known as GACC, organised a function to honour teachers on September 5. It was presided over by principal Anoop Kumar Vyas, professor Rajeev Sharma, head of the Journalism department, and professor Rajesh Verma from the Commerce department. Professors Satyaprakash Pandey, Jitendra Khilavadia, Ashutosh Soni, Rita Sharma and Jagriti Choubey were felicitated and turbans, Moti Mala Samman clothes and shrifal pushp kunj presented to them.

The principal congratulated all the students on their success and the yogis who had excelled in their examinations and other yoga and cultural activities. Swayamprakash Barve, Renu Gandhi, Sapna Pal, Gajendra Narang and Smita Goyal were also felicitated. Professor Rajiv Sharma informed the stu dents about the importanc of the guru-shishya tradi tion, highlighting the bless ings of the guru and th reverence of the discipl The importance of the gu was highlighted Satyaprakash Pandey.

# जीएससी : रोजगार संबंधी पांच नए कोर्स शुरू

इंदौर | DBStar

जीएससी के विद्यार्थियों के लिए आत्मनिर्भर मप्र कौशल संवर्धन योजना के अंतर्गत पांच रोजगारोन्मुखी सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं। प्रथम पाठ्यक्रम आईसीएआई (इंस्टिट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स) ऑफ इंडिया सीएटी कोर्स (सर्टिफाइड अकाउंटिंग टेक्नीशियन) का है। कॉलेज को इसके लिए आईसीएआई ने आरओसीसी के रूप में मान्यता दी है। प्रदेश के सभी सरकारी कॉलेजों में केवल जीएससी को ही यह मान्यता प्राप्त है। यह पाठ्यक्रम दो सेमेस्टर का है। इसका पंजीयन विद्यार्थी को कॉलेज में उपस्थित रहकर सीएटी पोर्टल पर करना होता है। इसका शुल्क 12 हजार 600 रुपए है, जो ऑनलाइन ही जमा होगा। इसी शुल्क में स्टडी मटेरियल, प्रैक्टिकल और इंटर्नशिप की सुविधा मिलेगी। यह पाठ्यक्रम कर विद्यार्थी तुरंत रोजगार प्राप्त कर सकता है या कर सलाहकार के रूप में काम शुरू कर सकता है। कॉलेज ने टेलीकॉम सेक्टर स्किल काउंसिल से एमओयू किया है। इस एमओयू के तहत कॉलेज में चार प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम उपलब्ध करवाए गए हैं। इन्हें पूरा करने वाले विद्यार्थियों के लिए भी रोजगार के अवसर ज्यादा हैं। इनमें हैंडसेट रिपेयर इंजीनियर-II सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम 300 घंटे का होगा। इसका शुल्क 12 हजार 600 रुपए है। बाकी तीनों पाठ्यक्रम 200-200 घंटे के हैं। इनकी फीस आठ हजार 400 रुपए है। इनमें से कोई एक सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम करने के बाद विद्यार्थियों को निश्चित रूप से टेलीकॉम कंपनी, बीपीओ, केपीओ, एमएनसी में जॉब मिलने की संभावना होगी।

माय गाइडेंस



प्रो. आदित्य लुणावत, शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय

**टेलीकॉम सेक्टर के लिए ये चार कोर्स भी हैं**

1. कस्टमर केयर एक्जीक्यूटिव कॉल सेंटर 2. हैंडसेट रिपेयर इंजीनियर-II 3.डिस्ट्रीब्यूटर सेल्स रिप्रेजेंटेटिव 4. फील्ड सेल्स एक्जीक्यूटिव-टेलीकॉम प्लान एंड सर्विवेस